पौधारोपण किया

उदयपुर, (कासं)। साईं तिरुपति विश्वविद्यालय, उमड़ा के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रकोष्ठ एवं वेंकटेश्वर इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस पर विवि परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना एवं हरित परिसर के निर्माण को बढ़ावा देना रहा। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में विवि के विभिन्न संकायों के स्टाफ सदस्य, एनएसएस यूनिट इंचार्ज एवं स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही। विशेष रूप से वेंकटेश्वर इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ.खेमचंद गुप्ता, डॉ. भारत पराशर (डीन, रिसर्च विभाग), वेंकटेश्वर कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य डॉ. विजय सिंह रावत, एनएसएस यूनिट इंचार्ज डॉ. सुरेश देव एवं डॉ अवंतिका गुप्ता सहित समस्त संकाय सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ करें काम : कलक्टर

बांसवाड़ा, (निसं)। जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव की अध्यक्षता में सूचना प्रौद्योगिकी के विभाग के वीसी कक्ष में साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण, विकास कार्यों की प्रगति एवं आगामी ग्रीष्मकालीन व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिला कलेक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ करें। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े कार्यों में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए राहत पहुंचाने का कार्य करें ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने कहा कि आमजन की अपेक्षाओं पर खरा उतरना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने तथा फील्ड स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें और यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। जिला कलक्टर ने जनसुनवाई, संपर्क, सतर्कता एवं सीएमओपीजी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए लंबित प्रकरणों में कमी लाने, संतुष्टि प्रतिशत बढ़ाने तथा औसत निस्तारण समय कम करने के निर्देश दिए।

बैठक में बजट घोषणाओं के तहत भूमि आवंटन तथा चिकित्सा उपकेंद्रों के लिये भूमि, जल जीवन मिशन के अंतर्गत लंबित भूमि आवंटन प्रकरणों की समीक्षा की एवं आवंटन कार्यवाही को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में लाडो प्रोत्साहन योजना, राजकीय विद्यालयों के मरम्मत कार्य एवं वर्तमान में संचालित नवीन कार्यों, विद्यालयों-आंगनवाड़ी भवनों की सेफ्टी ऑडिट तथा समर कंटीजेंसी प्लान की प्रगति पर चर्चा करते हुए शेष कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। कलक्टर ने मुख्यमंत्री जन स्वावलंबन अभियान एवं जल संचय-जन भागीदारी कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने एमजेएसए के अंतर्गत कार्यों की जियो टैगिंग करवाने के निर्देश दिए। बैठक में भवन विहीन और शौचालय विहीन विद्यालयों का सर्वे कर निर्माण की कार्यवाही के निर्देश दिए।

एमसीए पाठ्यक्रम जुलाई से होगा शुरु

उदयपुर, (कासं)। भूपाल नोबल्स विवि में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) भारत सरकार से मान्यता प्राप्त एमसीए पाठ्यक्रम जुलाई 2026 से प्रारंभ होगा वर्तमान सत्र में एमसीए की 60 तथा बीबीए की सीटें 120 से 180 के लिए मान्यता प्रदान की गई है। भूपाल नोबल्स संस्थान में इस पाठ्यक्रम को प्रारंभ करने के लिए एआईसीटीई मापदंडों एवं मानको की पर्याप्त उपलब्धता होने के कारण चार चरणों की खरी प्रक्रिया से गुजरने के बाद मान्यता प्रदान की गई संस्थान में बीसीए और बीसीए 2005 से संचालित है। विवि के कुल सचिव, डॉ. निरंजन नारायण सिंह राठौड ने बताया कि इस वर्ष नए पाठ्यक्रम एमसीए प्रारंभ करने तथा सीटों में वृद्धि के लिए के लिए आवेदन किया था जिसके अंतिम तिथि 20 दिसंबर 2025 थी तत्पश्चात एआईसीटीई द्वारा गठित समितियां द्वारा चरणबद्ध तरीके से चार चरणों द्वारा विभिन्न प्रकार जांच करने पर संस्थान में सारे संसाधन पर्याप्त एवं उपयुक्त पाए गए।

भाषा, वेशभूषा और भोजन हमारी पहचान : प्रो. सोडानी

उदयपुर, (कासं)। नंद चतुर्वेदी फाउंडेशन द्वारा नंद चतुर्वेदी के 103 वे जन्मदिन पर आयोजित दसवा नंद चतुर्वेदी स्मृति व्याख्यान 21 अप्रैल को कोटा खुला विश्विद्यालय के केन्द्रीय सभागार मे प्रो. कैलाश सोडानी की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया

गुजरात केन्द्रीय विवि के प्रो. संजीव कुमार दुबे थे कार्यक्रम का प्रारम्भ नंद चतुर्वेदी की तस्वीर पर पुष्पांजलि और डॉ. रश्मि बोहरा के स्वागत भाषण से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. संजीव कुमार दुबे ने "शिक्षा की भाषा और भारतीय भाषाओ की चुनोतियाँ " विषय पर अपना व्याख्यान देते हुए कहा कि नयी शिक्षा नीति की मूल भावना को समझने की जरूरत है। उनका कहना है कि हर नीति के साथ नियत का योग होता है नंद बाबू ने भी कहा था कि शिक्षा हिंदुस्तानी कैसे हो, इस पर लिखा है बहुविषयकता, बहुभाषिकता और लचीलापन नयी शिक्षा नीति के तीन मुख्य बिंदु है। व्याख्यान मे बहुभाषिकता पर विस्तृत चर्चा करते हुए, पढ़े फ़ारसी बेचे तेल जैसी कहावत का प्रयोग करते हुए प्राप्त ज्ञान के वास्तविक जीवन मे उपयोग पर बल दिया आपने भाषा की जरुरत और भाषा का शिक्षण और भाषा मे शिक्षण के अंतर को बताया। आपने कहा की भाषा का शिक्षण और भाषा मे शिक्षण को मिला दिया जाता है आपने कहा कि शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषा होना चाहिए किन्तु भारतीय भाषा मे शिक्षण मे कई खतरे और चुनौतीयाँ होंगी लेकिन शिक्षा माध्यम भारतीय भाषा होनी चाहिए आपने कहा कि भाषा के सवेदनशील मुद्दे पर गंभीरता से सोचने की जरुरत है आपका मत है कि भाषा का पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तान्तरण करना हमारा कर्त्तव्य है जिसे हम शायद पूरा नहीं कर पाए है आपने भाषा के 3 रूप बताये जिनमे ज्ञान की भाषा और पहचान की भाषा जो मातृ भाषा होती है, प्रमुख है। प्रो कैलाश सोडानी ने कहा कि भाषा वेशभूषा और भोजन हमारी पहचान है।

महिला ने की आत्महत्या

उदयपुर,(कासं)। सूरजपोल थाना क्षेत्र में महिला ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वराज नगर निवासी योगिता अठावाल (30) पत्नी जितेन्द्र बेरवा ने मंगलवार को अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली।

'महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता'

उदयपुर, (कासं)। सार्वजनिक स्थलों पर आमजन की सुरक्षार्थ प्रतिबद्ध राजस्थान पुलिस की इकाई कालिका पेट्रोलिंग यूनिट व टूरिस्ट पेट्रोलिंग टीम का आमुखीकरण (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम बुधवार को जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के मुख्य आतिथ्य में उदयपुर के पुलिस लाइन सभागार में आयोजित हुआ। उदयपुर रेंज पुलिस एवं यूनिसेफ राजस्थान के तत्वावधान में संचालित पुलिसिंग फॉर केयर ऑफ चिल्ड्रन कार्यक्रम के तहत आयोजित आमुखीकरण में प्रतिभागियों को सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के लिए नवीन प्रावधानों के साथ अन्य उपयोगी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा हम सभी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। महिलाओं एवं बच्चों के जुडे मामलों में संवेदनशीलता बरतते हुए उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराएं और अपराध को बढावा देने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला को प्रतिभागियों के लिए उपयोगी बताते हुए कालिका पेट्रोलिंग टीम की भूमिका को कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों की रोकथाम एवं आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ करने हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

सफाईकर्मियों का किया सम्मान

उदयपुर, (कासं)। स्वच्छ सर्वेक्षण में सराहनीय कार्य करने वाले सफाईकर्मियों के सम्मान हेतु नगर निगम उदयपुर द्वारा कार्यक्रम का आयोजन निगम कार्यालय में किया गया। नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने 30 सफाईकर्मियों को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। आयुक्त अभिषेक खन्ना ने कहा कि शहर की स्वच्छता बनाए रखने में सफाईकर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके निरंतर प्रयासों के कारण ही उदयपुर शहर स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। आयुक्त ने शहर के आमजन का आव्हान करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखना केवल निगम या सफाईकर्मियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है।

चालक गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने यातायात पुलिस के हेडकांस्टेबल के साथ अभद्रता करने वाले बस चालक को गिरफ्तार किया। पीडित यातायात पुलिस थाने में तैनात हेडकांस्टैबल मनोहरसिंह ने भारत टूरिस्ट बस सर्वीस के चालक सुभाष सोलंकी निवासी रेबारियों को गुडा प्रतापनगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया।

सार-समाचार

महिला अधिवक्ताओं ने चुनाव की कमान संभाली

मदनगंज-किशनगढ़,(निसं)। राजस्थान बार काउंसिल के चुनाव को लेकर किशनगढ़ बार एसोसिएशन में आयोज्य चुनाव में इस बार महिला अधिवक्ताओं ने कमान संभालकर चुनाव सम्पन्न कराये। महिला अधिवक्ताओं द्वारा चुनाव प्रक्रिया का सफलता पूर्वक संचालन किये जाने पर सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया। मुख्य चुनाव अधिकारी रक्षा शर्मा के नेतृत्व में सहायक चुनाव अधिकारियों के रूप में आस्था बैरवा, काजल, दिव्या भांगड़ा, कोमल कुमावत व सिमरन सहित अन्य महिला अधिवक्ताओं ने पारदर्शिता के साथ निर्धारित समय पर चुनाव कराकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उपखंड अधिकारी नीतू मीणा ने भी चुनाव प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने में सहयोग दिया। पुलिस कॉन्स्टेबल संतोष के सहयोग से सुरक्षा व्यवस्था भी सुदृढ़ रही। सफल चुनाव प्रक्रिया को लेकर साफ तौर संदेश दिया गया की महिलाएं किसी भी प्रशासनिक एवं जिम्मेदार कार्य को कुशलतापूर्वक निभाने में सक्षम हैं। किशनगढ़ बार एसोसिएशन अध्यक्ष दिनेश जाट व एडवोकेट नवीन बैरवा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

चिकित्सा क्षेत्र में होगी एक नई शुरुआत

ब्यावर (निसं)। चिकित्सा क्षेत्र में एक नई शुरुआत होने जा रही है। शहर के वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. डी. आर. चौधरी के मार्गदर्शन में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 70 बेड का 'ब्यावर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल' 24 अप्रैल को शुभारंभ होने जा रहा है। यह अस्पताल क्षेत्र के लोगों को एक ही छत के नीचे विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।अस्पताल में आधुनिक ऑपरेशन थिएटर, 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं, सेंट्रलाइज्ड ऑक्सीजन व सक्शन सुविधा बेड-टू-बेड उपलब्ध रहेगी। नवजात शिशुओं के लिए अत्याधुनिक एनआईसीयू सुविधा भी शुरू की जा रही है। इसके अलावा मरीजों को एक ही छत के नीचे आधुनिक जांच, सोनोग्राफी एवं एक्स-रे की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम 24 घंटे सेवाएं प्रदान करेगी। डॉ. चौधरी ने बताया कि इस अस्पताल का उद्देश्य ब्यावर व आसपास के लोगों को बड़े शहरों जैसी चिकित्सा सुविधाएं रियायती दरों पर उपलब्ध कराना है।

महावीर इंटरनेशनल अजयमेरु की मासिक बैठक सम्पन्न

अजमेर, (कासं)। महावीर इंटरनेशनल अजयमेरु केंद्र की मासिक साधारण सभा पंचशील, अजमेर में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत प्रार्थना से हुई। बैठक में संगठन की गतिविधियों एवं आगामी सेवा कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। केंद्र के चेयरमैन गजेंद्र पंचोली एवं रीजन-3 के उपनिदेशक (प्रचार-प्रसार) कमल गंगवाल ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए हाल ही में नाकोड़ा जी में सम्पन्न प्रशिक्षण शिविर की जानकारी साझा की तथा बताया कि संस्था की नई वेबसाइट का सदस्य किस प्रकार प्रभावी रूप से उपयोग कर सकते हैं। एक जरूरतमंद बालिका की स्कूल फीस, गणवेश एवं पुस्तकों के लिए आर्थिक सहायता का प्रस्ताव आया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। आगामी रविवार को प्रातः सुभाष उद्यान, अजमेर के आसपास परिंडे (पक्षियों के जलपात्र) वितरण। आवारा गायों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने हेतु उनके गले में रेडियम बेल्ट लगाना। आगामी माह में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, जिसकी योजना केंद्र सचिव लोकेश जैन सोजतिया एवं वाइस चेयरमैन तथा मेडिकल शिविर प्रभारी विजय जैन पाण्ड्या द्वारा तैयार की जाएगी। इस बैठक में कमल गंगवाल, गजेंद्र पंचोली, लोकेश जैन सोजतिया, विजय जैन पाण्ड्या, राजकुमार गर्ग, राजेंद्र स्वरूप माथुर एवं देवर्ष गंगवाल ने सहभागिता की। साथ ही महावीर इंटरनेशनल पद्मावती केंद्र की सचिव निकिता पंचोली एवं पूर्व चेयरपर्सन संतोष पंचोली ने अतिथि के रूप में सहभागिता की। केंद्र सचिव लोकेश जैन सोजतिया ने धन्यवाद प्रस्तुत किया तथा बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

जिले में एचपीवी वैक्सीनेशन का सात दिवसीय अभियार्न

नागौर(निसं)। जिले की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करने तथा स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक सात दिवसीय विशेष एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की पात्र बालिकाओं को निःशुल्क टीकाकरण कर सुरक्षा कवच प्रदान किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारी के साथ कार्य कर रहा है। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश वर्मा ने बताया कि जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जुगल किशोर सैनी के मार्गदर्शन में यह विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एचपीवी वैक्सीन बालिकाओं को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु प्रभावी सुरक्षा प्रदान करती है। महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, जिसकी रोकथाम समय पर टीकाकरण से संभव है।

राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

उदयपुर,(कासं)। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर में जगद्गुरु आदि शंकराचार्य जयंती के अवसर पर शंकराचार्य और अद्वैत वेदांत विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कुलपति सचिवालय सभागार में किया गया। कार्यक्रम में विद्वानों ने शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन की समकालीन प्रासंगिकता पर गहन विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान विद्यापीठ के कुलाधिपति बी.एल. गुर्जर रहे, जबकि अध्यक्षता कुलपति प्रो.(कर्नल) शिव सिंह सारंगदेवोत ने की। मुख्य वक्ता लक्ष्मणपुरी गोस्वामी, विशिष्ट अतिथियों में प्रो. विमल शर्मा, संतोष राठौड आदि थे। मुख्य वक्ता लक्ष्मणपुरी गोस्वामी ने अपने उद्बोधन में शास्त्रार्थ में विजय प्राप्त करने के पश्चात श्रृंगेरी मठ की स्थापना का प्रसंग सुनाते हुए चारों मठों की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने मठों की शासन-प्रणाली का विस्तृत विवेचन करते हुए कहा कि शंकराचार्य को भारतवर्ष के प्रथम जगद्गुरु के रूप में अलंकृत किया गया।

कुलपति प्रो. (कर्नल) शिव सिंह सारंगदेवोत ने कहा कि शंकराचार्य ने भारत को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत की अवधारणा को साकार किया। आज के समय में ज्ञान, भक्ति, कर्म एवं आध्यात्मिक एकता के माध्यम से अवसादमुक्त जीवन जीने की अत्यंत आवश्यकता है। संगोष्ठी में कुलाधिपति भंवरलाल गुर्जर ने कहा कि शंकराचार्य का अद्वैत वेदांत केवल दार्शनिक चिंतन ही नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित, समन्वित और सकारात्मक दिशा देने वाला मार्गदर्शन है। अपने विचार रखते हुए प्रो. विमल शर्मा ने द्वैत एवं अद्वैत वेदांत के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि हमारे शास्त्रों में चेतन एवं अवचेतन मस्तिष्क के माध्यम से ब्रह्मांड से असीम ऊर्जा प्राप्त करने के सहज मार्गो का वर्णन मिलता है। उन्होंने अद्वैत वेदांत को आंतरिक संतुलन और मानसिक शांति का आधार बताया।

'भाजपा अंदरूनी झगड़े को सुलझाए'

उदयपुर, (कासं)। मध्यप्रदेश के तीन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने पर राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भाजपा को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा आम जनता के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय भाजपा अपने अंदरूनी झगडे को सुलझाए। यह तय करें कि ये सच्चाई है या षडयंत्र है। गोविंद सिंह डोटासरा उदयपुर के एक कार्यक्रम में मीडिया से बात कर रहे थे। डोटासरा ने कहा वसुंधरा राजे के मामले में कांग्रेस के लोगों को पकड रहे हैं। जबकि होना यह चाहिए था कि ये किसने टाइप किया और सबसे पहले किसने पोस्ट किए। राजे के खिलाफ कौन साजिश कर रहा है, यह तो पता चले। कांग्रेस को क्यों दोष दे रहे हो। जिनको पकडा है अगर उन्होंने ही पहली बार पोस्ट किया है तो उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन सब जगह पोस्ट चली। सबने लगाई तो सब पर कार्रवाई होनी चाहिए। इन पर ही क्यों।

महिला की छाती से 18 सेमी का दुर्लभ कैंसर ट्यूमर निकाला

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के चिकित्सको ने एक 72 वर्षीय महिला की छाती से 18 सेंटीमीटर का विशाल ट्यूमर निकालकर न केवल उसकी जान बचाई, बल्कि आर्थिक स्थिति को देखते हुए बेहद कम खर्च में बोन सीमेंट के जरिए उसकी हड्डियों का ढांचा भी पुनर्निर्माण कर दिया। इस सफल ऑपरेशन में कैन्सर रोग सर्जन डॉ.सौरभ शर्मा, सीटीसीएस सर्जन डॉ.अनुज मेहता,निश्चेतना विभाग के डॉ.प्रकाश औदिच्य, डॉ.समीर गोयल, डॉ. कृष्णगोपाल, नितेश, कुलदीप एवं टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

दरअसल बॉसवाड़ा के घाटोल निवासी 72 वर्षीय महिला मरीज जब अस्पताल आई, तो उसकी स्थिति काफी गंभीर थी। छाती के मध्य भाग में एक बडी गाँठ थी। मरीज का पहले भी एक अन्य अस्पताल में ऑपरेशन हो चुका था, लेकिन बीमारी पूरी तरह खत्म नहीं हुई और ट्यूमर दोबारा बढ़ गया। हड्डियों के कुल कैंसर के मामलों में स्टरनम कैंसर केवल 1-2 प्रतिशत में मरीजों में ही पाया जाता है, जो इसे बेहद दुर्लभ बनाता है।

कैन्सर रोग सर्जन डॉ.सौरभ शर्मा ने बताया कि मरीज की बायोप्सी रिपोर्ट में सामने आया कि यह स्टरनम कैंसर है। साथ ही यह हृदय की झिल्ली और फेफड़ों तक फैला हुआ था। ऑपरेशन से पहले मरीज की सीटी स्कैन कराई तो रिपार्ट में ट्यूमर का आकार करीब 15 से 18 सेंटीमीटर था। यह ट्यूमर इतना आक्रामक था कि हृदय की बाहरी झिल्ली शरीर की मुख्य रक्त वाहिनियों और पसलियों से बुरी तरह चिपका हुआ था। जरा सी चूक मरीज की जान ले सकती थी। डॉ.सौरभ ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान ट्यूमर को निकालने के लिए छाती की हड्डी और पसलियों के प्रभावित हिस्से को काटना पड़ा। अब चुनौती यह थी कि छाती के खाली हिस्से को कैसे भरा जाए।

परियोजना निगरानी व क्रियान्वयन समिति की बैठक में विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी

■ नाबार्ड की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए किसान उत्पादक संगठन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए

मसूदा,(निसं)। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) एवं दिशा आर.सी.डी. समाज सेवी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किसान उत्पादक संगठन आधारित परियोजना के अंतर्गत परियोजना निगरानी एवं क्रियान्वयन समिति की महत्वपूर्ण बैठक का सफल आयोजन किया गया। बैठक में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक आशीष जैन, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक राकेश परमार, पशुपालन विभाग से दिनेश सुवासिया तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से ब्रांच मैनेजर सुनील कुमार मीना, अतिरिक्त बैंक मैनेजर अक्षय कुमार राजस्थान ग्रामीण बैंक से ब्रांच मैनेजर अंकित गर्ग आदि उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त स्वनिर्माण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम समन्वयक आकाश रावत द्वारा किसान उत्पादक संगठन की विभिन्न गतिविधिया एवं उपलब्धियों पर विस्तृत जानकारी दी।

नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक आशीष जैन ने नाबार्ड की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए किसान उत्पादक संगठन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए। राजस्थान ग्रामीण बैंक के प्रतिनिधि अंकित गर्ग ने बैंक लिंकेज, ऋण योजनाओं, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु बैंकिंग क्षेत्र द्वारा किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी।

साथ ही प्रतिभागियों द्वारा स्वनिर्माण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के आउटलेट का अवलोकन भी किया गया। कार्यक्रम में कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र सिंह चौहान ने एफपीओ की वर्तमान स्थिति एवं वित्त वर्ष 2025- 2026 का टर्नओवर शेयर किया एवं एफपीओ की चुनौतियां साझा की गई।

जिसे सभी ने अपने अपने सुझाव दिए, अंत में सभी अतिथियों एवं सहभागियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में लक्ष्मी , कमलेश, रेखा, शारदा एवं प्रियंका आदि उपस्थित रहे।

अरांई उपकोषालय में पेंशन अदालत का आयोजन

अरांई, (निसं)। उपकोषालय में उपकोषाधिकारी नंदलाल जांगिड़ के सानिध्य में पेंशन अदालत का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कोषाधिकारी ने अजमेर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधे पेंशनरों से संवाद किया। पेंशनरों की बातों को गंभीरता से सुना तथा समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। पेंशन अदालत के दौरान उपस्थित पेंशनरों ने अपनी समस्याएं रखीं। जिनका मौके पर ही संतोषजनक निराकरण किया गया। कोषाधिकारी अजमेर ने पेंशनरों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पेंशन अदालत में उपकोषालय अरांई से संबंधित पेंशन का कोई भी प्रकरण लंबित नहीं पाया गया। पेंशनर समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश सारण सहित पेंशनरों ने उपकोषाधिकारी नंदलाल जांगिड़ की कुशल कार्यशैली और सक्रियता की सराहना करते हुए संतोष व्यक्त किया और कहा कि पेंशनरों को समय पर ट्रेजरी की सेवाएं प्राप्त हो रही हैं। इस अवसर पर उपकोषाधिकारी जांगिड़ ने कहा कि पेंशनरों की सुविधा और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विभाग निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी पेंशनरों को कोई परेशानी नही आने दी जावेगी। पेंशन अदालत में उपशाखा अध्यक्ष ओमप्रकाश सारण, राजेन्द्र शर्मा, रमेश शर्मा, हजारी लाल बैरवा, महेंद्र जैन, नाथू लाल शर्मा, गजानंद राकेश, महावीर प्रसाद वैष्णव, बद्री लाल शर्मा, रामाकिशन वैष्णव सहित पेंशनर मौजूद रहे।

बॉलीवुड अभिनेत्री चांदनी यादव ने की दरगाह जियारत

■ इस दौरान उन्होंने मखमली चादर और फूल पेश कर अकीदत जताई

अजमेर, (कासं)। बॉलीवुड अभिनेत्री चांदनी यादव बुधवार को अजमेर पहुंचीं, जहां उन्होंने विश्व प्रसिद्ध सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह शरीफ में हाजिरी लगाई। इस दौरान उन्होंने मखमली चादर और फूल पेश कर अकीदत जताई तथा देश में अमन-चैन और अपनी आने वाली फिल्मों की सफलता के लिए दुआ मांगी।

दरगाह शरीफ में पहुंचने पर ख्वाजा साहब के खादिम और बॉलीवुड दुआगो सैयद कुतुबुद्दीन सखी ने उनका स्वागत किया। उन्होंने विधिवत जियारत कराई और दरगाह शरीफ की परंपरा अनुसार ओढ़नी उढ़ाकर तबर्रुक भी प्रदान किया। इस मौके पर अभिनेत्री ने दरगाह की आध्यात्मिक फिजा को बेहद सुकूनदायक बताते हुए कहा कि यहां आकर उन्हें खास मानसिक शांति का अनुभव हुआ

चांदनी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि वे अपने करियर के महत्वपूर्ण दौर में हैं और कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि उनकी हिंदी वेब सीरीज 'दा लास्ट प्ले' जल्द रिलीज होने वाली है। इसके अलावा भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में उनके एल्बम 'बटन खुल गए कुर्ती के' और 'आज मत कोरबा' भी दर्शकों के बीच पसंद किए गए। वहीं हिंदी फिल्म 'नाखून' को वर्ष 2027 में रिलीज किए जाने की योजना है।

उन्होंने कहा कि अजमेर शरीफ आकर दुआ मांगना उनके लिए बेहद खास अनुभव रहा और वे भविष्य में भी यहां आना चाहेंगी। दरगाह में उनकी मौजूदगी के दौरान जायरीन और प्रशंसकों में उत्साह देखने को मिला। कई लोगों ने उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं।

रक्तदान शिविर में 124 यूनिट रक्त संग्रहित

बिजयनगर, (निसं)। बाड़ी माता मंदिर तीर्थ धाम पर दिवंगत गुरुदेव चुन्नीलाल टांक की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाड़ी माता जी एवं दिवंगत गुरुदेव चुन्नीलाल टॉक की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। आयोजित रक्तदान शिविर में 124 रक्तदाताओं ने रक्तदान रक्तदान किया । शिविर में प्रथम रक्तदाता सीए शुभम जैन ने रक्तदान कर प्रेरणादायक शुरुआत की। रक्तदान शिविर में श्रद्धालुओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान करते हुए मानव सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर राजेंद्र टाक, अशोक टाक, कृष्णा टांक, नौरतमल जाट, कैलाश चंदेला, नारायण सिंह राठौड़, सूर्य प्रकाश बघेरवाल, राजेश शर्मा (प्रधानाचार्य, बाड़ी), अशोक छाजेड़, आर . गोलछा, राजेंद्र गुर्जर, विनोद त्रिपाठी, डॉ. भूपेंद्र चौधरी, अभिषेक टाक, मुकेश पूरी, माया पांडया, महावीर जलवानिया, त्रिलोक कटारिया, नानूराम अगयाल, बलवीर मेवाड़ा, भवानी सिखवाल एवं सुरेश प्रजापत सहित कई गणमान्य व्यक्ति एवं भक्तजन उपस्थित रहे । आचोजीत शिविर में मसूदा उपखंड अधिकारी दीप शिखा ने शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया ।केशव ब्लैक ब्लड बैंक देवली एवं जे एल एन हॉस्पिटल अजमेर की चिकित्सकीय टीम द्वारा रक्त संग्रहित किया ।

जनगणना में दी गई जानकारी रहेगी पूर्णतः गोपनीय

नागौर,(निसं)। जनगणना 2027 के अंतर्गत फील्ड ट्रेनरों के त्रि-दिवसीय प्रशिक्षण के समापन सत्र को संबोधित करते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी चम्पालाल जीनगर ने कहा कि 16 मई से 14 जून तक चलने वाले जनगणना फील्ड कार्य के दौरान प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स का यह दायित्व होगा कि वे आमजन को यह विश्वास दिलाएं कि जनगणना में उपलब्ध करवाई गई सभी जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी तथा किसी भी प्रकार के दस्तावेज की मांग नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनगणना के दौरान एकत्र की गई सूचनाओं का उपयोग आगामी दशक के लिए राष्ट्रीय विकास योजनाओं के निर्माण एवं नीति निर्धारण में किया जाएगा।

प्रगणकों को निर्देश दिए गए कि वे प्रशासन द्वारा जारी परिचय पत्र अपने साथ रखें, उत्तरदाताओं के साथ शालीन व्यवहार बनाए रखें तथा अपने कार्यक्षेत्र (एचएलबी) को भली-भांति समझते हुए समयबद्ध तरीके से कार्य प्रारंभ करें। उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, अतः इसे राष्ट्रहित सर्वोपरि रखते हुए संपादित किया जाए तथा आमजन को इसके महत्व के बारे में जागरूक किया जाए, ताकि सही एवं तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त कर उसे जनगणना ऐप में दर्ज किया जा सके। सटीक आंकड़ों के आधार पर ही प्रभावी याजनाओं का निर्माण संभव है और यही राष्ट्र के समग्र विकास का आधार है। जनगणना निदेशालय, राजस्थान जयपुर से नियुक्त जिला समन्वयक डी. आर. गांधी ने स्वगणना पोर्टल की जानकारी देते हुए बताया कि 1 मई से 15 मई के बीच आमजन स्वयं पोर्टल पर अपनी जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। जानकारी दर्ज करने के बाद उन्हें एक स्वगणना रेफरेंस आईडी प्राप्त होगी, जिसे फील्ड प्रगणकों के साथ साझा करना आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी प्रकार की त्रुटिपूर्ण जानकारी दर्ज हो जाती है, तो उसे प्रगणक द्वारा संशोधित करने का प्रावधान भी पोर्टल में उपलब्ध है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रगणक एवं सुपरवाइजर आमजन को इसकी जानकारी दें तथा उत्तरदाताओं के साथ विश्वास का वातावरण बनाकर सही एवं पूर्ण जानकारी प्राप्त करें।

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद,राजसमन्द

सं. 29-31 दिनांक: 17/04/2026

लोक-सूचना

श्री अब्दुल कादिर पिता श्री सिराज हुसैन बोहरा, श्रीमती मेमूना बोहरा पत्नी श्री अब्बास अली बोहरा, श्री अजीज हुसैन पिता श्री शब्बीर हुसैन बोहरा, श्री युनूस बोहरा पिता श्री मुश्ताक बोहरा, श्री शब्बीर हुसैन पिता श्री अब्बास अली बोहरा, श्रीमती रईशाबानु पत्नी श्री मुस्ताक हुसैन बोहरा निवासी संतोषी नगर कांकरोली तहसील व जिला राजसमन्द द्वारा राजस्व ग्राम बागपुरा आराजी संख्या 1631 रकबा 0.6096 हैक्टेयर, आराजी संख्या 1632 रकबा 0.2063 हैक्टेयर, आराजी संख्या 1633 रकबा, 0.2186 हैक्टेयर, आराजी संख्या 1640 रकबा 0.0117 हैक्टेयर, आराजी संख्या 1641 रकबा 0.0960 हैक्टेयर, आराजी संख्या 1642 रकबा 0.0920 हैक्टेयरइस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र.स.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	बागपुरा	1631 1632 1633 1640 1641 1642	रकबा 0.6096 हैक्टैयर रकबा 0.2063 हैक्टैयर रकबा 0.2186 हैक्टैयर रकबा 0.0117 हैक्टैयर रकबा 0.0960 हैक्टैयर रकबा 0.0920 हैक्टैयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 17/04/26 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द